# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा मई 2024 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

**I. चयन और नियुक्तियों का सारांश:**

i. पीईएसबी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा 09 (नौ) पदों [मुख्य प्रबंध निदेशक/ प्रबंध निदेशक के पद हेतु 02 (दो) और निदेशकों के पद हेतु 07(सात)] के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे।

ii. 08 (आठ) चयन बैठकें [मुख्य प्रबंध निदेशक के लिए 01(एक) और निदेशकों के लिए 07 (सात) बैठकें] आयोजित की गई थीं।

iii. केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम के अधीन, सचिव के 05 पद, संयुक्त सचिव के 05 पद और उप सचिव/निदेशक के 11 पद भरे गए हैं। वर्तमान में, केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत, अपर सचिव के 16 पद, संयुक्त सचिव के 31 पद और उप सचिव/ निदेशक के स्तर पर 57 पद रिक्त पड़े हैं।

iv. मंत्रिमण्डल नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' के सीपीएसई/ रेलवे बोर्ड में 08 मामलों (अर्थात सीएमडी/ एमडी/ सीईओ/ कार्यात्मक निदेशक/ महानिदेशक/ प्रबंधक/ महाप्रबंधक) में नियुक्तियों का अनुमोदन किया।

v. एसीसी द्वारा विभिन्न अधिकरणों/ सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/ आयोगों में 07 अध्यक्षों/ सदस्यों की नियुक्ति और स्वायत्तशासी निकायों/ संस्थानों में मुख्य कार्यपालकों / निदेशकों की 03 नियुक्तियों का अनुमोदन किया गया है।

vi. मंत्रिमण्डल सचिव/ एसीसी ने निम्नलिखित प्रस्तावों (उप सचिव / निदेशक स्तर) को अनुमोदन प्रदान किया:

| विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|
| सेवा विस्तार | 01 |
| समय पूर्व प्रत्यावर्तन | 03 |
| पुनर्तैनाती | 01 |
| गैर-सीएसएस पदों पर नियुक्तियां | 01 |

vii. 03सीवीओ की नियुक्ति (01 निदेशक स्तर और 02 संयुक्त सचिव स्तर) और संयुक्त सचिव स्तर पर 02 सीवीओ के कार्यकाल के विस्तार के प्रस्ताव का अनुमोदन भी किया गया था।

**II. स्थापना संबंधी मामले**

(क). पार्श्विक (लेटरल) प्रवेश चक्र 2023-24 के तहत, 25 अधिकारियों को संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव केपदों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की मंजूरी दी गई थी, जिनमें से 24 अधिकारियों ने अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इन अधिकारियों को 13-27 मई 2024 के दौरान आईआईपीए, नई दिल्ली में अधिष्ठापन (इंडक्शन) प्रशिक्षण दिया गया।

(ख). श्री प्रदीप सिंह खरोला, आईएएस (कर्नाटक:85) (सेवानिवृत्त) की दिनांक 01.05.2024 के पूर्वाह्न से नियमित पदधारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के संबंध में दिनांक 31.05.2024 को अधिसूचना जारी कीगई।

(ग). वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय सिविल सेवाओं के संबंध में एपीएआर की रिकॉर्डिंगकी समयसीमा दिनांक 28.05.2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से बढ़ा दी गईहै।

(घ). वर्ष 2013-2022 के लिए सीएसएस अधिकारियों (उप सचिव ग्रेड) की एसजीएसएल की समीक्षा कीगईहै।

(ङ). सीएसएस अधिकारियों के लिए यूएसएसएल 2012 की समीक्षा पूरी हो चुकी है औरदिनांक 10.05.2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से संशोधित यूएसएसएल 2012 जारी किया गया है।

(च). कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने महीने के दौरान निम्नलिखित परिणाम घोषित किए।

(i) कनिष्ठ सचिवालय सहायक/अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगीपरीक्षा, 2019 और 2020 के प्रथम प्रश्नपत्रका परिणाम घोषित कर दिया गया है। 335 उम्मीदवारों (वर्ष 2019 के लिए 163 और वर्ष 2020 के लिए 172) को परीक्षा केअगले चरण अर्थात् भाग- II ( सेवा के रिकॉर्ड का मूल्यांकन) के लिए अल्पसूचीबद्ध (शॉर्टलिस्ट)किया गया है।

**III. सतर्कताएवं अन्य संबंधित मामले**

(i) विभिन्न प्रयोजनों जैसे नियुक्तियाँ, अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, भारत के बाहरअध्ययन अवकाश आदिके लिए **170 (एक सौ सत्तर) आईएएस अधिकारियों** की सतर्कतामंजूरी जारी की गई।

(ii) केन्द्र में सचिव स्तर केपदों पर पैनल में शामिल करने के लिए 1991 बैच के **13 (तेरह) आईएएसअधिकारियों,**अपर सचिव स्तर के पदों पर पैनल मेंशामिल करने के लिए 1996-1999 बैच के **22 (बाईस) आईएएस अधिकारियों** औरसंयुक्त सचिव स्तर के पदों परपैनल में शामिल करने के लिए 2001-2008 बैच के **13 (तेरह) आईएएस अधिकारियों** की सतर्कता मंजूरीजारीकर दी गईहै।

## IV. प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास

### (क) सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम)

(i) सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान(आईएसटीएम) ने 09 ऑनलाइन/ऑफलाइन कैलेण्डर प्रशिक्षण कार्यक्रम,एक गैर-कैलेण्डर पाठ्यक्रम(आईएसटीएम से बाहर) तथा 04 सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 609 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

(ii) सहायक अनुभाग अधिकारी(सीधी भर्ती) के एएसओडीआर-304, एएसओडीआर-305 बैच, जिसमें 110 सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) शामिल थे, को भारत दर्शन एवं एनजीओ -एक्सपोजर से जोड़ा गया था।

(iii) आईएसटीएम ने दिनांक 10.05.2024 को एएसओडीआर 2022 बैच के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया था, जिसमें आउटडोर तथा इनडोर खेलों के लिए कुल 09 कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

(iv) आईएसटीएम द्वारा दिनांक 17.05.2024 को एएसओ(डीआर) 2022 बैच के लिए रक्तदान शिविर और निबंध प्रतियोगिता आयोजित किए गए थे, जिसमें सभी प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।

### (ख) सहायक सचिव कार्यक्रम, 2024 :

(i) प्रधानमंत्री जी के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 20.05.2024 को इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया था, जिसमें 46 मंत्रालयों/ विभागों के सभी सहायक सचिव और नोडल अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने सहायक सचिवों से बातचीत की। लबासना तथा डीओपीटी/आईएसटीएम के संकाय सदस्यों के साथ उद्घाटन सत्र के बाद उन्मुखीकरण सत्र का आयोजन किया गया।

(ii) दिनांक 30.05.2024 को सहायक सचिवों के लिए नए संसद भवन के दौरे का आयोजन किया गया था।

### (ग) क्षमता विकास आयोग(सीबीसी)-

**इमर्शन विजिटः** 17 मई, 2024 को फार्मास्यूटिकल विभाग में एक इंडस्ट्री इमर्शन कार्यक्रम आरंभ किया गया। फार्मास्यूटिकल सेक्टर के अधिकारियों ने चिकित्सा उपकरण कंपनियों का दौरा किया। इस कार्यक्रम का आयोजन सीबीसी, फार्मास्यूटिकल विभाग के सहयोग से किया गया था।

**परामर्शी कार्यशालाः** सुशासन के लिए आईसी केंद्र के साथ नैतिकता एवं सुशासन से संबंधित पाठ्यक्रम के लिए 28 मई को एक परामर्शी कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

**पाठ्यक्रमः** टीडीएस पर एक पाठ्यक्रम पूर्ण किया गया था तथा इसे आईगॉट पर अपलोड किया गया था।

**शहरी स्थानीय निकायों(यूएलबी) के साथ सहयोगः** सीबीसी ने आईगॉट के सहयोग से आईगॉट प्लेटफॉर्म पर गुजरात से 26 यूएलबी ऑनबोर्ड किए और उनमें से प्रत्येक में एक सीबीयू प्रमुख तथा आईगॉट एमडीओ प्रशासन की स्थापना की।

**नागरिक उन्मुख टूलकिट:** सचिव, एमओएसजेई के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में इस टूल के परीक्षण पर प्रायोगिक (पायलेट) मंत्रणा 6 मई को संपन्न हुई। इस टूल का परीक्षण संयुक्त सचिवों एवं कार्यक्रम प्रमुखों के सहयोग से दो कार्यक्रमों- अव्यय नशा मुक्त भारत एवं एनवीसीएफडीसी पर किया गया था।

**गुणवत्ता संवर्धन योजना(क्यूआईपी) :** गुणवत्ता संवर्धन योजना की प्रारंभिक बैठक(किक-ऑफ मीटिंग), राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), नागपुर के साथ 6 मई 2024 को तथा यंत्रइंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मैनेजमेंट, नागपुर के साथ 29 मई, 2024 को आयोजित की गई।

क्यूआईपी ड्राफ्ट(प्रारूप) पर मंत्रणा करने के लिए एनएडीटी क्यूआईपी कार्यबल के साथ कार्यस्थलीय(ऑनसाइट) विजिट 28 मई 2024 को संपन्न हुई।
31.05.2024 तक एनएससीएसटीआई पोर्टल पर समग्र स्थिति निम्नवत हैः-

| **प्रशिक्षण संस्थान** | **पंजीकृत** | **डेस्कटॉप आंकलन पर** | **प्रत्यायन पूर्ण किया गया** |
|---|---|---|---|
| सीटीआई | 24 | 1 | 21 |
| एटीआई | 21 | 5 | 1 |
| अन्य सीएसटीआई | 255 | 57 | 93 |
| कुल | 300 | 63 | 115 |

सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों (सीएसटीआई) के मई 2024 में पूर्ण किए गए कार्यस्थलीय(ऑनसाइट) आंकलन एवं प्रत्यायनः

| **क्रम सं.** | **संस्था का नाम** | ऑनसाइट तिथियां | |
|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान | 01-मई-2024 | 02-मई-2024 |
| 2 | क्षेत्रीय श्रम संस्थान, फरीदाबाद | 02-मई-2024 | 03-मई-2024 |
| 3 | सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस | 07-मई-2024 | 08-मई-2024 |
| 4 | राष्ट्रीय जल अकादमी | 08-मई-2024 | 09-मई-2024 |
| 5 | सहायक प्रशिक्षण केंद्र (सब्सिडियरी ट्रेनिंग सेंटर), बीएसएफ, टेकनपुर, ग्वालियर(मध्य प्रदेश)-475005 | 09-मई-2024 | 10-मई-2024 |
| 6 | वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान | 13-मई-2024 | 14-मई-2024 |
| 7 | राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी | 14-मई-2024 | 15-मई-2024 |
| 8 | राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, नागपुर | 16-मई-2024 | 17-मई-2024 |
| 9 | सहायक प्रशिक्षण केंद्र (सब्सिडियरी ट्रेनिंग सेंटर), बीएसएफ, ऊधमपुर, पोस्ट-रोआन डोमेल, धार रोड, जिला- ऊधमपुर(जम्मू-कश्मीर)-182126 | 17-मई-2024 | 18-मई-2024 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बीएसएफ, मंडोर रोड, जोधपुर (राजस्थान)-342026 | 20-मई-2024 | 21-मई-2024 |
| 11 | सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बीएसएफ, चाकुर, पीओ-चाकुर, जिला-लातूर, महाराष्ट्र-413513 | 20-मई-2024 | 21-मई-2024 |
| 12 | सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बीएसएफ, बैंगलोर, पीओ- वायु सेना स्टेशन येलहंका (बैंगलोर), कर्नाटक | 24-मई-2024 | 25-मई-2024 |
| 13 | अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान, मुंबई 27 का क्षेत्रीय शहरी और पर्यावरण अध्ययन केंद्र (आरसीयूईएस) | 27-मई-2024 | 28-मई-2024 |

**(घ) कर्मयोगी भारत**

(i) कर्मयोगी भारत और माईजीओवी (MyGov) ने सरकारी संचार के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओंपर चर्चा करने के लिए 16 मई, 2024 को एक सह-शिक्षण सत्र आयोजित किया।

(ii) 17 मई, 2024 को कर्मयोगी भारत द्वारा पेश किया गया एक क्यूरेटेडप्रोग्राम, लेटरल एंट्रेंट्स के लिए कर्मयोगी प्रारंभ,आईजीओटी प्लेटफॉर्मपर प्रकाशित किया गया था। इस कार्यक्रम को अधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रशासनिकऔर तकनीकी कौशल से लैस करने और सरकार के भीतर उनकी नई भूमिकाओं मेंनिर्बाध परिवर्तन में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

(iii) डायनेमिक सैंक्शन ऑर्डर के साथ एलटीसी सुविधा लाइव हो गई है, जिसने नोडलअधिकारी को अपने संबंधित विभाग/कार्यालय के मंजूरी आदेश को संपादित/परिवर्तित करनेमें सक्षम बना दिया है।

(iv) गूगल एनॉलिटिक्सडैशबोर्ड एकीकरण का कार्य पूराहो गया है, जिससे सुपर एडमिन, ईएचआरएमएस 2.0 पोर्टल पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं कीकुल संख्या देख सकता है।

(v) आईजीओटी पाठ्यक्रमों कीसेक्टर मैपिंग पूरी हो चुकी है और डैशबोर्ड पर प्रतिबिंबित करने के लिएडेटाबेस में इसकी व्यवस्था की गई है। आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म परपेश किए गए सभी 1000+ पाठ्यक्रमों को संबंधित क्षेत्रों (जैसे बुनियादीढांचे, सामान्य प्रशासन, कानून और व्यवस्था, बजट, वाणिज्य, शिक्षा, कार्मिकप्रबंधन, आदि) में मैप किया गया है और ईएचआरएमएस डेटाबेस पर लागू किया गया है।

(vi) आईजीओटी कर्मयोगी प्लैटफॉर्म ने मई 2024 में **1.18 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम नामांकन** और 83.7 लाख से अधिक पाठ्यक्रम पूरा करने का आंकड़ा पार कर लिया।

(vii) आईजीओटी कर्मयोगी प्लैटफॉर्म मई 2024 तक **34,91,838 ऑन-बोर्ड शिक्षार्थियों** को होस्ट कर चुका है। मई 2024 में कुल 2,14,249 नए उपयोगकर्ता प्लैटफॉर्म से जुड़े है।

(viii) मई 2024 में पाठ्यक्रम पूरा करने वालो की संख्या 9,76,775 थी और 31 मई 2024 तक पाठ्यक्रम पूरा करने वालों की कुल संख्या **83,76,478** थी।

(ix) आईजीओटी प्लैटफॉर्म पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं (एक बार लॉग इन) करने वालों की संख्या **अप्रैल 2024 में 12.89 लाख से बढ़कर मई 2024 में 15.27 लाख** हो गई।

(x) आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल ने 31 मई 2024 तक संचयी रुप से **72.05 करोड़ मिनट तक प्रशिक्षण** का रिकॉर्ड दर्ज किया।

(xi) इस प्लैटफॉर्म पर कुल साठ(60) सामग्री/पाठ्यक्रम जोड़े गए। इनमें सैतीस(37) नए पाठ्यक्रम, 3 क्यूरेटेड कार्यक्रम, 6 कर्मयोगी वार्ताएं औरसर्वोत्तम प्रथाओं, नीतियों एवं अधिनियमों और विशिष्ट (स्टैंडअलोन) संसाधनों सहित ज्ञान कर्मयोगी में 14 संसाधन शामिल हैं।

## V. कल्याणकारी उपाय

सीसीएससीएसबी द्वारा 8 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 20 मई से 19 जून 2024 तक विनय मार्ग खेल मैदान, नई दिल्ली में एक ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, आत्मरक्षा और योग सहित 7 विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।